तारीख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज राजस्व आवेदन संख्या 146/2021 अनवान हनुमानराम बनाम भोमाराम
	राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांवो के संग अभियान–2021 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से पक्षकारान राजीव गांधी सेवा केन्द्र जाखड़ो की ढ़ाणी पर जरिये नोटिस तलब होकर पत्रावली दिनांक 08.10.2021 को राजीव गांधी सेवा केन्द्र जाखड़ों की ढ़ाणी पर पेश हो। (रोहित चौहान) उपखण्ड अधिकारी, बाड़मेर
08.10.2021	आज यह पत्रावली प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021 शिविर स्थल राजीव गांधी सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत मुख्यालय जाखड़ों की ढ़ाणी पर पेश हुई। प्रार्थी उपस्थित। विप्रार्थीगण कर्म संख्या 01 एवं 02 उपस्थित। प्रार्थी द्वारा मौजा सारणों का तला के खसरा नंबर 923/768 रकबा 12.00 बीघा भूमि की बैचान दस्तावेज के साथ सलंग्न नक्शे व मौके पर स्थित कब्जाकाश्त के अनुसार लट्‌ठा ट्रेस रेकर्ड में तरमी दुरूस्त करने का निवेदन किया गया। प्रार्थी प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार बाड़मेर से मौके एवं रेकर्ड की रिपोर्ट तलब की गई। तहसीलदार बाड़मेर द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं मौका फर्द अनुसार प्रकरण में मौजा सारणों का तला के खेत खसरा नंबर 923/768 रकबा 12.00 बीघा भूमि की लट्‌ठा ट्रेस में तरमीम दुरूस्त करने हेतु मौका निरीक्षण व रेकर्ड का अवलोकन किया गया। रेकर्ड के अनुसार उप पंजीयक बाड़मेर पंजीयन क्रमांक 2013008196 दिनांक 06.06.2013 के अनुसार खातेदार गंगा वल्द नाथा कौम जाट द्वारा अपनी निजी खातेदारी भूमि मौजा सारणों का तला खसरा नंबर 836/768 रकबा 20.17 बीघा में से हनुमानराम वल्द गंगाराम कौम जाट को 12.00 बीघा भूमि बैचान करने पर नामान्तरकरण संख्या 204 के अनुसार खातेदारी दर्ज हुई थी जो सही है। नामान्तरकरण परत के पुश्त भाग पर तरमीम अंकित नही है, लेकिन बैचान दस्तावेज के साथ नक्शा सलंग्न है। लट्‌ठा ट्रेस नक्शें मे DILRMP के तहत् तरमीम निष्पादन के तहत् भूलवंश बैचान दस्तावेज से आंशिक भिन्न तरमीम अंकित हो गई। मौके पर इस फर्द के साथ सलंग्न नक्शा परिशिष्ट 'अ' बरंग हरा के अनुसार कब्जा काश्त है जो बैचान दस्तावेज के साथ संलग्न नक्शे के अनुरूप है तथा सलंग्न नक्शा परिशिष्ट "अ" के अनुसार तरमीम दुरूस्त करने में प्रार्थी के भाई विप्रार्थी संख्या 01 एवं 02 पूर्णतया सहमत है। किसी भी खातेदार के खसरा नंबर अथवा क्षैत्रफल पर किसी तरफ से प्रभावितत नहीं होते है। अतः सलंग्न नक्शा परिशिष्ट "अ" बंरग हरा की तरह खसरा नंबर 923/768 की तरमीम दुरूस्ती प्रस्तावित है। तहसीलदार बाड़मेर से प्राप्त मौका एवं रेकर्ड की रिपोर्ट के आधार पर मौजा सारणों का तला के खेत खसरा नंबर 923/768 रकबा 12.00 बीघा भूमि की लट्‌ठा ट्रेस में तरमीम सलंग्न नक्शा परिशिष्ट "अ" के अनुसार तरमीम दुरूस्त करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। आदेश अलग से जारी किया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। आदेश मजमे आम में सुनाया गया। (रोहित चौहान) उपखण्ड अधिकारी, बाड़मेर

सरपंच
ग्राम पंचायत जाखड़ों की
पं. स. बाड़मेर